(c) Yes, Sir.

(d) Flats are allotted from time to time depending upon availability of flats for allottment in the respective categories.

(e) and (f)D.D.A. proposes to hold the next draw for allotment of 1300 flats in M.I.G. category in March, 1992.

*70 *[Transferred to the5th March,* 1992)

इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी

*71. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :**
श्री सुनील बसु राय :

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ अनिवासी उद्योगपतियों ने बर्नपुर स्थित इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी को सुचारू ढंग से चलाने के लिये सुझाव दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) से (ग) 'इस्को' को सुचारू रूप से चलाने के लिये कोई विस्तृत विशिष्ठ सुझाव किसी अनिवासी भारतीय उद्योगपति से प्राप्त नहीं हुए हैं, तथापि, सरकार को लन्दन स्थित कापरो ग्रुप लिमिटेड जिसके साथ कि अनिवासी भारतीय, श्री स्वराज पाल बद्ध हैं, से पत्र मिले हैं, जिसमें उन्होंने इस्को / 'इस्को' आधुनिकीकरण परियोजना में भागीदारी की रुचि दिखाई है।

सेल ने एस बी आई--कैपिटल मार्किट लिमिटेड (एस०बी०आई०--सी०ए०पी०) को इस्को में निजी भागीदारी की संभावनाओं का पूरी तरह पता लगाने के लिये व्यवसायिक परामर्शदाता के रूप में रखा। अन्य बातों के साथ-साथ इस कार्यवाही के एक भाग के रूप में, यह समझा जाता है कि एस०बी०आई०--सी०ए०पी० कापरो ग्रुप के साथ सम्पर्क बनाए हुए हैं।

"सेल" को एस बी आई --सी ए पी से रिपोर्ट मार्च, 1992 तक प्राप्त हो जाने की संभावना है। तत्पश्चात् सरकार सुझावों पर विचार करेगी।

Light rail transport project for Hyderabad

*72. SHRI MENTAY PADMANABHAM : Will the Minister of URB AN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have cleared a light rail transport project for Hyderabad;

(b) if so, the details of the proposal;

(c) the time frame for completion of the projects ; and

(d) whether Government are also considering a similar proposal for Visakhapatnam for providing urban transport facility?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRIMATI SHEILA KAUL) : (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

(d) No, Sir.

महाराष्ट्र में प्याज की कीमतों में गिरावट

*73. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र में प्याज से अत्याधिक उत्पादन के कारण इसकी कीमत कम होकर 100 रुपये प्रति क्विंटल से भी नीचे तक पहुंच गई है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द प्याज-उत्पादकों से प्याज की खरीद करने के लिये राज्य-सरकार को सहायता देने पर विचार रखती है ;